दिन – बुधवार दिनांक– 26/08/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश की बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए आज तीन नई पहल की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के ज्ञान भवन से पुलिस दीदी योजना के तहत चार हजार सात सौ स्कूटर और मोटरसाइकिल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका उद्देश्य अभया ब्रिगेड के जरिए स्कूल–कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बालिका पीएचडी फेलोशिप की शुरुआत की। इसके तहत लगभग एक हजार छात्राओं को चार वर्षों तक हर महीने दस हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना भी शुरू की गयी है। इसके तहत बेटियों को अपना स्टार्टअप शुरू करने के लिए पचास हजार से दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

——————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत के अवसर पर कहा कि राज्य की बेटियां समृद्ध बिहार की प्रतीक बन रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत से लेकर प्रशासन तक महिलाओं की भागीदारी से एक उज्ज्वल समाज की तस्वीर बन रही है।

——————————————————————

रक्षाबंधन के अवसर पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने का फैसला किया है। सत्ताईस अगस्त की सुबह छह बजे से अट्ठाईस अगस्त की रात दस बजे तक निगम की सभी श्रेणियों की लगभग एक हजार पचहत्तर बसों में महिलाएं बिना टिकट यात्रा कर सकेंगी। इनमें एसी, नॉन–एसी, डीलक्स, पीएम ई–बस और पीपीपी मोड पर संचालित बसें शामिल हैं। महिलाएं अंतरजिला और अंतरराज्यीय मार्गों पर भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगी।

——————————————————————

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर हो गयी है। पटना, भोजपुर, वैशाली, बक्सर, भागलपुर, खगड़िया, समस्तीपुर और बेगूसराय समेत कई जिलों में निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। भागलपुर और वैशाली जिले बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। भागलपुर के गोराडीह प्रखंड, लैलख, ममलखा और कहलगांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। गोराडीह प्रखंड में बाढ़ का पानी घुसने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान और अन्य खरीफ फसलें पूरी तरह डूब गयी हैं। नदी के किनारे बसे लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। कटाव रोकने के लिए प्रशासन की ओर से युद्धस्तर पर काम शुरू किया है। वहीं, वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड के निचले इलाकों में भी बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। चकसिंगार वीरपुर, जुड़ावनपुर करारी, सरायपुर, जहांगीरपुर, कर्मोपुर और तेरसिया पंचायतों में पानी भर गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति तक राहत और जरूरी सहायता पहुंचाने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————

इधर, निम्न दबाव के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गयी। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी और पटना के मोकामा में लगभग चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चली। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, भोजपुर, बक्सर और औरंगाबाद जिले के अधिकांश स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

———————————————————

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया है। मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।